## कार्यस्थल पर सुरक्षा

# १२ गोल्डन रूल्स



TotalEnergies

FOR ME, FOR YOU, FOR ALL
SAFETY
TotalEnergies

# संपादकीय

**सुरक्षा कंपनी के लिए सबसे महत्वपूर्ण मूल्य है। यह हमारे सभी व्यावसायिक क्षेत्रों की उत्कृष्टता की नींव है ।**

हम, टोटलएनर्जीस के कर्मचारियों के रूप में और हमारे भागीदारो के साथ मिलकर "शून्य जानलेवा दुर्घटनाओं" के लक्ष्य के साथ हमारे कार्यों और हमारे कार्यस्थल में हर दिन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ख़ुद को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से वचनबद्ध करते है ।

**सीखे गए सबकों के आधार पर बनाये गए हमारे गोल्डन रूल्स, सुरक्षा की दृष्टि से हमारी आकांक्षा को हासिल करने के लिए अत्यावश्यक हैं ।**

ख़ुद के लिए और हमारे सहकर्मियों की सुरक्षा के लिए हम इन गोल्डन रूल्स को पूरी ज़िम्मेदारी के साथ लागू करेंगे और निरंतर सतर्कता के साथ इन रूल्स का पालन करेंगे ताकि ये गोल्डन रूल्स अपना लक्ष्य हासिल करें और हमारी दैनिक गतिविधियों में रच-बस जाएँ । मुझे पूरा विश्वास है कि सभी दुर्घटनाओं की रोक-थाम संभव है !

**गोल्डन रूल्स को व्यवस्थित रूप से,** हर जगह, हर दिन लागू करने के लिए हम सब वचनबद्ध है, यह कंपनी की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है यानि स्थायी विकास में हमारी रणनीति, हमारी परियोजनाओं और हमारे संचालनो को केंद्र में रखती है ।

**मिशेल चार्टन**
वरिष्ठ उपाध्यक्ष, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण

# सुरक्षा
# मेरे लिए, आपके लिए, सबके लिए

**सुरक्षित ढंग से कार्य करने और सभी की सुरक्षा के लिए, हमें चाहिए कि :**

- ☑ गोल्डन रूल्स लागू करना होगा और उनका हर समय पालन करना होगा ।
- ☑ अगर कोई भी गोल्डन रूल्स का उल्लंघन करता है तो हम हस्तक्षेप करेंगे ।
- ☑ हम गोल्डन रूल्स के उल्लंघनो की सूचना देंगे ताकि उनसे सबक सीखे जा सकें ।
- ☑ हम गोल्डन रूल्स से संबंधित अच्छे उदाहरणो को साझा करेंगे।

# हमारे १२ गोल्डन रूल्स

१| **उच्च जोखिम वाली स्थितियां**
(हाई रिस्क सिचुऐशन)

२| **ट्रैफ़िक**

३| **शारीरिक यांत्रिक और उपकरण**
(बॉडी मेकॅनिक्स और टूल्स)

४| **व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण**
(पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट)

५| **कार्य करने की अनुमति**
(वर्क परमिट)

६| **भारोत्तोलन संचालन**
(लिफ्टिंग ऑपरेशन्स)

७| **ऊर्जा प्रणाली**
(पाँवर सिस्टम)

८| **सीमितस्थान**
(कन्फाइंड स्पेस)

९| **खुदाई कार्य**
(एक्सकवेशन वर्क)

१०| **ऊँचाई पर कार्य**
(वर्क ऍट हाईट)

११| **हॉट वर्क**

१२| **ख़तरे का दायरा**
(लाइन ऑफ फायर)

# उच्च जोखिम वाली स्थितियां
## (हाई रिस्क सिचुऐशन)

जब भी संभव होगा मैं उच्च जोखिम वाली स्थितियों को कम करूंगा ।

**सुरक्षा** के लिए मेरी वचनबद्धता :

- मैं निर्धारित जगहों के अलावा और कही भी धूम्रपान नहीं करूंगा ।
- मैं शराब या नशीली चीज़ों / दवाओं के नशे में कोई कार्य नही करूंगा और वाहन नहीं चलाऊंगा ।
- मैं डाउन ग्रेड स्थितियाँ को सुरक्षित करके उसकी सूचना अपने सुपरवाइज़र को दूंगा ।
- मैं ऐसा कोई भी कार्य जो आम तौर पर नहीं होता है या जो ज़्यादा मुश्किल है उसे करने से पहले उसके ख़तरो का पता करूंगा ।
- मैं उपकरणों को बंद करने और चालू करने के निर्देशों का पालन करूंगा ।

TotalEnergies

# ट्रैफ़िक



मैं वाहन चलाते समय, उसकी सवारी करते समय,
या पैदल चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करूंगा ।

## सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :

- ☑ मैं अपना वाहन चलाने से पहले उसकी जाँच करूंगा।
- ☑ मैं हमेशा सीटबेल्ट पहनूंगा ।
- ☑ मैं गति सीमा से ज़ादा तेज़ वाहन नहीं चलाउंगा और सड़क की हालत के हिसाब से अपने वाहन चलाने के तरीक़े को समायोजित करूंगा ।
- ☑ मैं गाड़ी चलाते समय बात करने का कोई भी यंत्र, जैसे फोन, वॉकी-टॉकी, रेडियो और हेडफोन / इयरफोन का इस्तेमाल नहीं करूंगा ।
- ☑ मैं गाड़ी चलाने के स्वीकृत समय का और यात्रा प्रबंधन योजना का सम्मान करूंगा।
- ☑ मैं पैदल चलने के लिए पैदल-यात्रियों वाले पथ का और साइकल चलाने के लिए साइकल वाले पथ का इस्तेमाल करूंगा ।
- ☑ मैं सीढ़ियाँ चढ़ते / उतरते समय हैंडरेल थामे रखूंगा ।

# शारीरिक यांत्रिकी और औज़ार
## (बॉडी मेकॅनीक और टूल्स)

मैं औज़ार सुरक्षित ढंग से इस्तेमाल करूंगा ।

### सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :

☑ मैं अपनी औज़ार कि जाँच करूंगा ताकि :

- वही औज़ार इस्तेमाल करूंगा जो वर्क पर्मिट (कार्य पर्मिट) या कार्य करने के निर्देशों में लिखि गई है ।
- मेरे औज़ार कार्य करने और कार्य स्थान के लिए उचित हो ।
- मेरे औज़ार अच्छी स्थिति में हो ।

☑ मैं औज़ारों, जिनमें प्रैशर टैस्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले औज़ार शामिल है, का इस्तेमाल निर्माता द्वारा तय की गईं डिज़ाइन सीमाओं के अंदर करूंगा ।

☑ मैं अपने शरीर को ऐसी स्थिति में रखूंगा ताकि उस पर बहुत ज़्यादा खिंचाव या तनाव न पड़े ।

नियम ४

# व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण
## (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट)

मैं आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनूंगा ।

**सुरक्षा** के लिए मेरी वचनबद्धता :

- ☑ मैं उपयोग से पहले व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण कि जाँच करूंगा कि वह अच्छी हालत में हों ।
- ☑ मैं मेरा हेलमेट ठुड्डी की पट्टी बाँधकर पहनूंगा ।
- ☑ मैं ऐसे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनूंगा जो मेरे कार्य और मेरे कार्य स्थान के लिए सही हों ।
- ☑ जब भी आवश्यक हो तब मैं लाइफ़ जैकेट पहनूंगा ।

नियम ५

# कार्य करने की अनुमति
## (वर्क पर्मिट)

मैं वैध पर्मिट के साथ कार्य करूंगा ।

### सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :

- मैं पर्मिट और संबंधित प्रमाणपत्रों कि जाँच करूंगा ।
- मैं सुनिश्चित करूंगा कि मैं कार्य करने के लिए योग्य हूँ और मुझे इसकी अनुमति मिली हो ।
- मै वर्क पर्मिट को अच्छी तरह समझता / ती हूँ ।
- मै यह सुनिश्चित करूंगा कि कार्य के महत्वपूर्ण चरणों की पहचान हुई हो ।
- कार्य शरू करने से पहले मैं यह जाँच करूंगा कि सुरक्षा कि शर्तें पूरी हुई हो ।
- यदी हालत बदलते हैं तो मैं कार्य रोक कर, ख़तरों को पुनर्मूल्यांकन करके अपने सुपरवाइज़र से परामर्श करूंगा ।

TotalEnergies

# भारोत्तोलन संचालन
# (लिप्टिंग ऑपरेशन्स)



मैं भारोत्तोलन योजना का पालन करूंगा ।

## सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :

- [x] मैं सुरक्षा अवरोध और प्रवेश-की-मनाही वाले स्थान स्थापित  करूंगा ।
- [x] मैं यह जाँच करूंगा कि भारोत्तोलन उपकरणों को निरीक्षण किया गया है, अच्छी स्थिति में है और उद्देश्य के लिए उपयुक्त है ।
- [x] मैं केवल उन्हीं उपकरणों का संचालन करूंगा जिनका मैं उपयोग करने के योग्य हूं ।
- [x] मैं यह जाँच करूंगा कि भार को सुरक्षित ढंग से लटकाया और बाँधा गया हो और मैं चलते भार पर क़ाबू रखूं ।
- [x] मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि भारोत्तोलन कार्य के लिए एक योग्य रिगर (निर्देश देने वाला सहायक) मौजूद हो ।
- [x] मैं लटके हुए भार के नीचे कभी खड़ा नहीं रहूंगा

TotalEnergies

# ऊर्जा प्रणाली
## (वर्क ऑँन पॉवर सिस्टम)

मैं कोई भी काम करने से पहले आइसोलेशन और मशीन ऊर्जा और तरल पदार्थों की अनुपस्थिति की जांच करूंगा ।

### सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :

- मेरे पास काम करने का पर्मिट और पावर्ड सिस्टम आइसोलेशन सर्टिफिकेट है ।
- मैं ऊर्जा और तरल चीज़ों के सभी स्त्रोतों की पहचान करूंगा ।
- मैं आइसोलेशन प्लान का सम्मान और पालन करूंगा ।
- मैं पुष्टि करता हूं कि ऊर्जा और द्रव स्त्रोतों को पृथक, लॉक और टैग किया गया है ।
- मैं सुनिश्चित करूंगा कि कोई ऊर्जा और तरल पदार्थ उपस्थित न हो ।
- मैं सुनिश्चित करूंगा कि कोई अवशिष्ट या संचित ऊर्जा और तरल पदार्थ न हो ।
- मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जब कार्य पूरा हो चुका हो, और फिर मशीन चालू करने से पहले आइसोलेशन को हटाने की जांच करूंगा ।

# सीमित स्थान
## (कन्फाइंड स्पेस)



मैं किसी भी सीमित स्थान में प्रवेश करने से पहले अनुमति प्राप्त करूंगा ।


**सुरक्षा** के लिए मेरी वचनबद्धता :

- ☑ मेरे पास कार्य पर्मिट है और सीमित स्थान में प्रवेश करने का प्रमाणपत्र है ।
- ☑ मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ऊर्जा और तरल पदार्थो के सभी स्त्रोतों को अलग कर दिया गया हो ।
- ☑ मैं जरूरत पड़ने पर साँस रक्षक उपकरणों की जांच करने के पश्चात उनका उपयोग करूंगा ।
- ☑ मैं सुनिश्चित करूंगा कि बचाव की योजना तैयार है ।
- ☑ मैं सुनिश्चित करूंगा कि प्रवेश करने से पहले सिमित स्थान के वातावरण को जाँच लिया गया हो और उसकी निगरानी की जा रही हो ।
- ☑ मैं सुनिश्चित करूंगा कि प्रवेश / निकास की देखरेख के लिए और चेतावनी देने के लिए कोई उपस्थित हो ।
- ☑ मैं किसी भी सीमित स्थान में प्रवेश करने से पहले अनुमति प्राप्त करूंगा ।

नियम ९

TotalEnergies

# खुदाई के कार्य
## (एक्स्कवेशन वर्क)



मैं खुदाई की जगहों को सुरक्षित करूंगा ।

**सुरक्षा** के लिए मेरी वचनबद्धता :

- ☑ मेरे पास कार्य पर्मिट है और खुदाई का प्रमाणपत्र है ।
- ☑ मैं सुनिश्चित करूंगा कि खुदाई की जगह को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया हो ।
- ☑ मैं भूमिगत सरंचनाओं और नेटवर्क के अस्तित्व के प्रति सतर्क रहूंगा ।
- ☑ मैं मशीनों को और खुदाई के दौरान निकले सामान को खुदाई की जगह से कम-से-कम एक मीटर दूर रखूंगा ।
- ☑ मैं १.३ मी से ज्यादा गहरे गड्ढे में केवल तब उतरूंगा यदि उसके प्रवेश को सुरक्षित किया गया हो ।

# ऊँचाई पर कार्य
## (वर्क ऍट हाईट)



मैं १.५ मी से अधिक की उँचाई पर कार्य करते समय ख़ुद की गिरने से रक्षा करूंगा ।

**सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :**

- ☑ मैं इस्तेमाल से पहले मेरे हारनेस, लैनयार्ड और लाइफ़लाइन को जाँच करूंगा ।
- ☑ मैं औज़ारों और सामानों को सुरक्षित तरीके से रखूंगा ताकि वे गिरें नहीं ।
- ☑ मैं हारनेस पहनूंगा और उसे कार्य परमिट के अनुसार स्वीकृत एंकर पॉइंट से बांधूंगा ।
- ☑ मैं कार्य के हिसाब से सही और मंजूर किए गए स्कैफोल्डिंग का इस्तेमाल करूंगा ।
- ☑ मैं बिजली के तारों के पास कार्य करते समय न्यूनतम सुरक्षा दूरी बनाए रखूँगा ।
- ☑ मैं कार्य शुरू करने से पहले यह सुनिश्चित करूंगा कि छतों (टंकिया, इमारतों, छतों..) में कोई टूट-फूट न हो और छतों के कमज़ोर जगहो पर गिरने से बचने के इंतज़ाम किए गए हों ।
- ☑ मैं मोबाईल एलिवेटिंग वर्क प्लेटफ़ॉर्म (MEWP) केवल नीचे करने के बाद ही खिस्काउँगा ।

# हॉट वर्क

जब भी संभव होगा मैं हॉट वर्क को कम करूंगा ।

## सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :

- मैं हॉट वर्क तभी करूंगा जब मेरे पास परमिट होगा ।
- मैं ज्वलनशील पदार्थों और आग लगाने के स्त्रोतों की पहचान करूंगा ।
- कोई भी हॉट वर्क शुरू करने से पहले :
  - मैं सुनिश्चित करूंगा कि आसानी से आग पकड़ने वाली कोई भी चीज़ मौजूद न हो या उसे सुरक्षित ढंग से अलग कर दिया गया हो ।
  - मैं लिखित अनुमति प्राप्त करूंगा ।
- किसी भी ख़तरनाक जगह पर, मैं यह सुनिश्चित करूंगा किः
  - ख़तरनाक गैस के मौजूद न होने की जाँच कर ली गयी हो ।
  - ख़तरनाक गैस के मौजूद न होने की लगातार निगरानी की जा रही हो ।

-

# ख़तरे का दायरा
## (लाइन ऑफ फायर)

मैं ख़ुद को और दूसरों को ख़तरे के दायरे से बाहर रखूंगा।

**सुरक्षा के लिए मेरी वचनबद्धता :**

- ☑ मैं ऐसी जगह रहूंगा कि निम्नलिखित खतरो से बच सकूँ :
    - चलती हुई वस्तुएं
    - गाड़ियाँ
    - प्रैशर (उपकरण, पाइपलाइन)
    - गिरती हुई चीज़े
- ☑ मैं सुरक्षा अवरोध और प्रवेश-की-मनाही वाले स्थान स्थापित करूंगा।
- ☑ मैं ढीली चीज़ो को सुरक्षित करूंगा।
- ☑ मैं सुरक्षा अवरोध और प्रवेश-की-मनाही वाले स्थान का सम्मान और पालन करूंगा।

# स्टॉप कार्ड का इस्तेमाल करना
# यानि सुरक्षा के लिए क़दम उठाना

**हमारा यह कर्तव्य बनता है कि जब भी कभी कोई परिस्थिती हमें ख़तरनाक लगे, और जब भी कभी गोल्डन रूल्स लागू न किए जाएँ, तो हम तुरंत दख़्ल दें ।**

मात्र शंका होने पर भी, प्रतिबंध लगने से डरे बिना, आइए हम हमारे स्टॉप कार्ड का इस्तेमाल करें ।

किसी भी गतिविधि की सुरक्षा के बारे में सवाल पूछने से और जारी कार्य को रोकने से हम दुर्घटनाओं की रोक थाम कर सकते हैं और ज़िंदगियाँ बचा सकते हैं ।

# स्टॉप कार्ड

**अगर कोई स्थिति मुझे खतरनाक लगती है तो मैं जरूरी कदम उठाता हूं।**

**स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण संभाग,**
**टोटलएनर्जीस SE**

2 प्लेस जीन मिलिअर
92400 कॉरबेवुआ - फ्रांस
टेली.: +33 (0)1 47 44 45 46

totalenergies.com

शेयर पूंजी:
6,601,073,322.50 यूरो
542 051 180 वाणिज्यिक पंजीकरण संख्या नॉन्तेयर

12 गोल्डन रूल्स
जनवरी 2022 में प्रकाशित